# राजयोगी ब्र.कु. गंगाधर 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' से सम्मानित

## मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान हेतु अवॉर्ड से नवाज़ा गया

## देश-विदेश की हस्तियों ने दी बधाई



ब्रह्माकुमारीज़ के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पिछले 23 वर्षों से 'ओम शान्ति मीडिया' पत्रिका प्रकाशित हो रही है। यह भारत की एकमात्र विज्ञापन रहित पत्रिका है और इसके द्वारा मूल्यनिष्ठ समाज के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले को ओम शान्ति मीडिया पत्रिका भेंट कर माउण्ट आबू आने का निमंत्रण देते हुए डॉ. ब्र.कु. दीपक हरके, ब्र.कु. डॉ. बिन्नी, ब्र.कु. गंगाधर व ब्र.कु. अनीता।

**इन्दौर-म.प्र.।** इंदौर के सिटी क्लब में 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स,लंदन' द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले, सुप्रसिद्ध गीतकार समीर अंजान, सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक उदित नारायण, लोकसभा सांसद शंकर लालवाणी एवं अमिताभ बच्चन के हेयर ड्रेसर दीपक सावंत ने मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में अमूल्य योगदान के लिए ब्रह्माकुमारीज़ के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से प्रकाशित 'ओम शान्ति मीडिया' पत्रिका के संपादक राजयोगी ब्र.कु. गंगाधर भाई को सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ के ओम शांति भवन,इंदौर की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्र.कु. अनीता दीदी, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स,लंदन के राष्ट्रीय सचिव ब्र.कु. डॉ. दीपक हरके व डॉ. ब्र.कु. बिन्नी बहन मंच पर उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ विश्व परिवर्तन के कार्य में अपना अतुलनीय योगदान दे रही है। आध्यात्मिकता के ज़रिये लोगों के जीवन में बदलाव लाना, ये और कोई नहीं कर सकता। मैं भी उनके हेड क्वार्टर माउंट आबू में जाकर आया हूँ। मैंने देखा है कि कैसे ये अपने श्रेष्ठ वायब्रेशन द्वारा समाज में परिवर्तन लाने का कार्य कर रही हैं। सुप्रसिद्ध गायक उदित नारायण ने कहा कि पिछले तीस वर्षों से इस संस्था से मेरा जुड़ाव रहा है। इस संस्थान के दिव्य गीतों को गाने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। संस्थान के भाई-बहनों की सादगी, सरलता और प्रेमपूर्ण सत्कार और

इंटरव्यू के दौरान अपने विचार रखते हुए ओम शान्ति मीडिया के संपादक ब्र.कु. गंगाधर।



व्यवहार हरेक के दिल को छू लेते हैं। सुप्रसिद्ध गीतकार समीर अंजान ने कहा कि मैं मुम्बई की लाइफ स्टाइल में रहते हुए भी कुछ समय निकालकर अवश्य सेवाकेन्द्र पर जाता हूँ। मेडिटेशन कर अपने आप में ऊर्जा का संचार महसूस करता हूँ। पिछले पच्चीस सालों से इस संस्थान से मेरा सम्पर्क बना रहा है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स,लंदन के चेयरमैन दिवाकर सुकुल ने भी अपने भावपूर्ण विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लंदन में भी हमने इस संस्थान के लोगों को स्पीरिचुअल अवेयरनेस के बारे में तथा भारतीय संस्कृति को साझा करते हुए देखा है। राजयोगी ब्र.कु. गंगाधर भाई को मिले इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पर श्री विलियम जेज़लर( यूरोप हेड,वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन), दिवाकर सुकुल,चेयरमैन, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स,लंदन, संतोष शुक्ला,प्रेसीडेंट,वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स,लंदन सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने बधाइयां दीं।

# सेवाकेन्द्र की सिल्वर जुबली का भव्य आगाज़ हर्षोल्लास के साथ

**विशाखापट्टनम-आ.प्र.।** एम.वी.पी. कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र के सिल्वर जुबली महोत्सव का टी.टी.डी. फंक्शन हॉल में भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुत्तमसेट्टी श्रीनिवास राव,मिनिस्टर ऑफ टूरिज़्म, कल्चर,स्पोर्ट्स एंड यूथ एडवांसमेंट ने कहा कि वर्तमान अशांत बहुधार्मिक समाज में परस्पर शांतिपूर्ण जीवन के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जहाँ ज्ञान और ध्यान है, वहाँ प्रगति और उन्नति है ही है। मेयर श्रीमति गोलागनी हरी वेंकट कुमारी ने कहा कि विश्व में शांति स्थापित करने के लिए ब्रह्माकुमारीज़ का प्रयास उल्लेखनीय और अविस्मरणीय है। गंतला श्रीनुबाबू,प्रेसीडेंट,विशाखापट्टनम जर्नलिस्ट फेडरेशन ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ निःस्वार्थ भाव से समाज में शांति और अध्यात्म की स्थापना के सेतु के समान है। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सत्यवती दीदी ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से इस एमवीपी सेवाकेन्द्र ने हज़ारों लोगों को अध्यात्म के पथ पर प्रबुद्ध किया है। इस प्रक्रिया में कई परिवार भगवान में दृढ़ विश्वास के साथ सहयोगी बने। कार्यक्रम में जी.सुब्रमण्य स्वामी,ओनर,लक्की शॉपिंग मॉल, काकिनाड़ा सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. रजनी दीदी, विजयनगरम सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. अन्नपूर्णा दीदी, ब्र.कु. शिवलीला, ब्र.कु. शशिकला, ब्र.कु. वेणी, ब्र.कु. रामेश्वरी, ब्र.कु. भवानी, माउण्ट आबू से ब्र.कु. कन्नालू तथा अन्य सेवाकेन्द्रों के वरिष्ठ भाई-बहनें उपस्थित रहे एवं अपनी शुभकामनाएं दीं। मौके पर ब्र.कु. सत्यवती दीदी ने सेवाकेन्द्र की ओर से 36 सहयोगी माताओं( अधरकुमारियों) एवं छः सहयोगी भाइयों( अधरकुमारों) को सम्मानित किया। सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। संचालन ब्र.कु. रूपा बहन ने किया एवं ब्र.कु. सौम्या बहन ने आभार व्यक्त किया।

### 25 वर्षों में दस गीतापाठशालाएं खोलने एवं अनेकों लोगों को श्रेष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा देने के निमित्त बना यह सेवाकेन्द्र



# कार्य और जीवन के बीच संतुलन लाती है आध्यात्मिकता



**रतलाम-डोंगरे नगर(म.प्र.)।** इंजीनियर्स के जीवन में कार्य और जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना थोड़ा मुश्किल होता है क्योंकि तकनीकी खराबी कभी भी आ सकती है। इसके लिए मन की एकाग्रता व मन को शांत करना ज़रूरी है। उक्त विचार दिव्य दर्शन भवन सेवाकेन्द्र पर विश्व अभियंता दिवस पर 'कार्य और जीवन में संतुलन' विषयक कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री विद्युत सुरक्षा एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक मध्य प्रदेश शासन राजेश पाटीदार ने व्यक्त किये। इसके लिए उन्होंने समय प्रबंधन की महत्ता पर प्रकाश डाला। म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षक यंत्री सुरेश वर्मा ने कहा कि कार्य व जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए व्यक्ति को अपनी प्राथमिकता पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जो आध्यात्मिकता से ही आ सकती है। ब्रह्माकुमारीज़ की क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी ब्र.कु.अनीता दीदी ने बताया कि यदि हम अपनी अंतर्निहित शक्तियों को पहचान कर परमात्मा के साथ सम्बंध जोड़ कर कार्य करें तो जीवन में सब प्रकार से संतुलन रखते हुए सुख शांति मय जीवन जी सकते हैं। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सविता दीदी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा सर्वोच्च अभियंता हैं जो इस सृष्टि पर आकर पुरानी सृष्टि को नई बनाने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर आर्किटेक्ट खुशबू राजावत, इंजीनियर एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय तिवारी, इंजीनियर विवेक हरडेकर, इंजीनियर सत्येंद्र सिंह यादव, ब्र.कु. आरती बहन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। ब्र.कु. गीता दीदी ने राजयोग के अभ्यास द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराई। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. साक्षी बहन ने किया।

# खुश रहना है तो सभी से दुआयें लेना सीख लो

## विश्व आत्महत्या निषेध दिवस पर युवाओं को दिये खुश रहने के टिप्स

**हाथरस-आनंदपुरी कॉलोनी(उ.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ युवा प्रभाग के यूथ फॉर ग्लोबल पीस प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्थानीय सेवाकेन्द्र द्वारा विश्व आत्महत्या निषेध दिवस पर प्रेम रघु आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं बागला इंटर कॉलेज में आयोजित संगोष्टी के अंतर्गत तनाव मुक्ति पर चर्चा की गई। प्रेम रघु आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में ब्र.कु. शांता बहन ने आत्महत्या को एक बड़ी समस्या बताते हुए एवं तनाव आने का कारण बताया कि जिस प्रकार जब तक नाव पानी के ऊपर रहती है तो कोई समस्या नहीं बनती और जब पानी नाव के अंदर चला जाता है तो समस्या बन जाती है, उसी प्रकार अनेक तरह की परिस्थितियां और समस्याएं जीवन में आती हैं। यदि हम उन्हें अपने भीतर स्वीकार कर लेते हैं तो वो तनाव का कारण बन जाता है। उन्होंने कहा कि खुश रहना है तो सभी से दुआयें लेना सीख लो। ब्र.कु. दुर्गेश बहन ने उपस्थित युवाओं एवं शिक्षकों को राजयोग का अभ्यास कराया और अपील की कि यदि मानसिक तनाव से बचना है तो राजयोग को अपने जीवन का अंग बना लें। इस अवसर पर पैरामेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. पी.पी. सिंह, राकेश शर्मा, राकेश अग्रवाल, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. के.के. सिंह, डॉ. भरत शर्मा, डॉ. मनीश कुमार, डॉ. अभिनव, डॉ. विवेक अवस्थी, डॉ. सुधा रानी, डॉ. कुसुम रागिनी पाराशर, गजेन्द्र भाई सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही पी.सी. बागला इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को भी ब्र.कु. शांता बहन ने सम्बोधित किया। प्रधानाचार्य राजेश शुक्ला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यात्म में जीवन की समस्याओं का समाधान है। प्राणी मात्र से प्रेम करने वाला कभी निराश नहीं हो सकता।



RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Oct, 2021
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक एवं सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - श्री मुकेश मंगल, डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org